भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1501
(28 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) के लिए बजट अनुमान

1501. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:
श्री ज्ञानेश्वर पाटील:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी के लिए बजट अनुमान का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त मिशन के अंतर्गत निधियों के आवंटन का वर्ष-वार और राज्य-वार, विशेषकर मध्य प्रदेश एवं दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्र के संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्तमान में उक्त मिशन के अंतर्गत प्रत्येक राज्य के लिए श्रमिकों की मजदूरी और सामग्री लागत के संबंध में लंबित देयताओं/बकायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क): विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के लिए वित्त वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 1 जुलाई, 2026 से 31 मार्च, 2027 की अवधि के लिए बजटीय प्रावधान ₹95692.31 करोड़ है। इसके अतिरिक्त, महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही अर्थात 01.04.2026 से 30.06.2026 के लिए भी ₹30,000 करोड़ का बजटीय आवंटन किया गया है।

(ख): विकसित भारत - रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम, 2025, संपूर्ण देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में 1 जुलाई, 2026 से प्रभावी हो गया

है। वीबी-जी राम जी के आरंभ अर्थात 01.07.2026 से किए गए अंतरिम आवंटन तथा जारी की गई मूल स्वीकृति का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र -वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ग): जहां तक विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) योजना का संबंध है, वर्तमान तिथि तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित कोई देयता लंबित नहीं है।

लोकसभा में दिनांक 28.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1501 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

चालू वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान (16.07.2026 तक) वीबी-जी राम जी के तहत किए गए अंतरिम आवंटन और जारी मूल स्वीकृति का ब्यौरा– (₹ करोड़ में)			
क्र. सं.	राज्य	कुल अंतरिम आवंटन	प्रथम किश्त के रूप में जारी मूल स्वीकृति
1	आंध्र प्रदेश	7707.21	2545.5
2	अरुणाचल प्रदेश	560.7	147.55
3	असम	1929.7	630.96
4	बिहार	6715.83	1663.56
5	छत्तीसगढ़	3354.85	1006.46
6	गोवा	3.7	1.23
7	गुजरात	1540.54	310.64
8	हरियाणा	590.19	194.93
9	हिमाचल प्रदेश	1203.28	397.41
10	झारखंड	2705.64	437.06
11	कर्नाटक	5709.9	1750.88
12	केरल	3136.44	925.33
13	मध्य प्रदेश	6252.03	630.76
14	महाराष्ट्र	4420.32	1459.92
15	मणिपुर	581.99	192.21
16	मेघालय	1155.09	381.5
17	मिजोरम	611.65	199.21
18	नागालैंड	287.85	95.07
19	ओडिशा	3763.8	932.32
20	पंजाब	1331.61	439.8
21	राजस्थान	7581.87	2274.37
22	सिक्किम	97.57	32.23
23	तमिलनाडु	7585.49	2176.84
24	तेलंगाना	3825.31	1263.41
25	त्रिपुरा	1041.7	344.05
26	उत्तर प्रदेश	9721.48	3210.76

27	उत्तराखंड	626.43	193.78
28	पश्चिम बंगाल	8508	1264.49
29	पुदुचेरी	40.56	12.88
30	जम्मू और कश्मीर	1151.2	380.21
31	अंडमान और निकोबार	4.44	0
32	लद्दाख	85.98	0
33	दादरा नगर हवेली और दमन दीव	9.02	0
34	लक्षद्वीप	0.32	0
	कुल	93841.69	25495.32
सामाजिक लेखा परीक्षा और केन्द्रीय प्रशासनिक निधि		1850.62	
कुल		95,692.31	